प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 25.04.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना कुन्दरकीः-

अवगत कराना है कि दिनांक 21.04.2024 को वादी निवासी थाना कुन्दरकी क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपीगण द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के संबंध में थाना कुन्दरकी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कुन्दरकी पर मु0अ0सं0- 119/2024 धारा- 363 भा0द0वि0 बनाम शुऐव आदि के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम मे आज दिनांक 25.04.2024 को उ0नि0 मदन कुमार थाना कुन्दरकी द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी शुऐव पुत्र हाफिज सालिम निवासी ग्राम चक फाजलपुर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। तथा साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 376 भा0द0वि0 व 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 आरोपी गिरफ्तार थाना सोनकपुरः-




अवगत कराना है कि दिनांक 10.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार थाना कुन्दरकी नें साक्ष्यो/गैंग चार्ट के आधार पर अभियुक्तगण द्वारा सुसंगठित गिरोह बनाकर दहशत फैलाने के उद्धेश्य से हत्या जैसे जघन्य अपराध कारित करने के संबंध में थाना कुन्दरकी पर मु0अ0सं0- 106/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत कराया गया । अभियोग की विवेचना थाना सोनकपुर द्वारा की जा रही है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध /अपराधीयो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व गिरफ्तार हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 25.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्तगण 1.भोले उर्फ राहुल पुत्र महीपाल, 2. मोन्टी चौधरी पुत्र कल्लू सिंह निवासीगण ग्राम हुसैनपुर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

अपराधिक इतिहासः-

1.मु0अ0सं0- 45/2023 धारा 302/34 भा0द0वि0
2.मु0अ0सं0- 106/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट

3- अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्र निर्माण/ तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 25.04.2024 को उ0नि0 सुनील राठी थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त फरमान पुत्र नसरूद्दीन निवासी कस्बा व थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना भोजपुर पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 180/2024 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।